राज्यपाल सचिवालय
राजभवन, जयपुर

## राज्यपाल ने स्वच्छता अभियान सप्ताह की शुरुआत की

## श्रेष्ठ भारत स्वच्छ भारत को सफल बनाने के लिए स्वच्छता को आदत बनाएं आबू वासी– राज्यपाल

जयपुर/माउंट आबू, 6 जून। राज्यपाल श्री कलराज मिश्र ने मंगलवार को माउंट आबू में नक्की झील के पास राम जानकी उद्यान के पास के वॉकवे से स्वच्छता अभियान सप्ताह की शुरुआत की। उन्होंने इससे पहले झील के किनारे स्थित उद्यान में पौधारोपण कर पर्यावरण स्वच्छता के लिए अधिकाधिक पेड़ लगाने का संदेश दिया।

राज्यपाल श्री मिश्र ने झील के किनारे वॉक वे पर स्वयं झाड़ू लेकर साफ–सफाई करते हुए आबू वासियों को 'श्रेष्ठ भारत स्वच्छ भारत' को सफल एवं साकार करने का संदेश दिया। उन्होंने लोगों से स्वच्छता को आदत बनाने की अपील करते हुए कहा कि प्राकृतिक रूप से सुंदर माउंट आबू अपनी स्वच्छता के लिए भी जाना जाए।

इस मौके पर जिला कलक्टर डॉ. भंवर लाल, राज्यपाल के प्रमुख विशेषाधिकारी श्री गोविंदराम जायसवाल, जिला पुलिस अधीक्षक ज्येष्ठा मैत्रेयी, माउंट आबू के उपखंड अधिकारी श्री सिद्धार्थ पलानिचामी एस. सहित अधिकारीगण उपस्थित रहे ।

––––––